>

Title: Need to include the Kachhargarh cave having temple of Lingojango in district Gondia, Maharashtra as a tourist place of national importance and provide basic tourist facilities at the site.

श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर) ः

महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली-चिमूर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कचाड़गढ़, तालुका सालेकसा, जिला गोंदिया में लिंगोजंगो, जो आदिवासियों के देवता है, उनकी एक प्रमुख एवं अति प्राचीन गुफा व मंदिर है। यह देश के आदिवासियों का एक बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है तथा पर्वतीय क्षेत्र में स्थित है । यहां पर महाराष्ट्र राज्य के ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, उड़ीसा सहित अन्य आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों से आदिवासी श्रद्धालुओं का एक बहुत बड़ी संख्या में आना होता है तथा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में विशेष उत्सव के दौरान प्राचीन गुफा व मन्दिर के दर्शन करने वाले आदिवासी श्रद्धालुओं की संख्या लगभग 40-50 हजार तक पहुंच जाती है ।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त गुफा व मन्दिर के महत्व को देखते हुए केन्द्रीय पर्यटन की सूची में शामिल करते हुए इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने और इसका सौन्दर्यीकरण करने के साथ-साथ वहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं आवागमन माग को सुविधाजनक बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें ।